हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

11 टीबी मरीजों के लिए दवा के साथ पौष्टिक आहार ...



12 बरसात से अनाज मंडी में हजारों क्विंटल गेहूं भीगा



### शहर की हालत बद से बदतर, 1200 टन कूड़ा जमा, दुर्गंध एवं बदबू ने जीना किया मुहाल

# नपा कर्मचारी संघ ने मांगें लागू होने तक हड़ताल करेंगे या मरेंगे का ऐलान किया

शहर के सभी रास्ते वन-वे, आधे पर कूड़ा, आधे से हो रहा वाहनों का आवागमन

सरकार ने दर्जनों बार समझौते कर लागू नहीं किए, अब समझौता लागू होने पर ही खत्म होगी हड़ताल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने मांगें लागू होने तक हड़ताल करेंगे या मरेंगे का ऐलान कर दिया हैं, ये बात नपा कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने कही। वे मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के 12वें दिन कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने दर्जनों बार समझौते किए, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया। बार-बार कर्मचारियों ने आंदोलन किए और सरकार ने बार-बार मांगों को मानने एवं लागू करने का समझौता किया, लेकिन हर बार सरकार एवं प्रशासन का समझौता लागू नहीं करना कर्मियों के साथ छलावा साबित हुआ।

अब कर्मचारी किसी भी सूरत में पीछे हटने वाले नहीं हैं, हमने करेंगे या मरेंगे की ठान ली हैं, चाहे किसी भी हद तक क्यों न गुजरना पड़े। उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेशभर में हड़ताल चल रही हैं, कर्मचारी मांगों को लेकर उग्र रूप अपनाएं हुए हैं, लेकिन सरकार व प्रशासन ने 12 दिन तक एक बार भी वार्ता एवं समाधान की पहल नहीं की हैं, जबकि कर्मियों की एक मई से हड़ताल चल रही हैं और पांच मई को डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठान पूर्णरूप से बंद हैं। अब आठ दिन से टिप्पर एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों ने शहर में डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा नहीं उठाया हैं, जिससे शहर की हालत दयनीय एवं बद से बदतर हो गई हैं। शहर में लगभग 1200 टन कूड़ा जमा हैं, जिसकी दुर्गंध एवं बदबू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया हैं। इसके साथ ही शहर में हर कदम एवं चौक-चौराहों व गली-नुक्कड़ पर कूड़े के ढ़ेर लगे हैं, जिसकारण सभी रास्तें वन-वे हो गए हैं, क्योंकि आधे मार्ग पर कूड़ा का ढेर लगा हैं और आधे मार्ग से ही आवागमन हो रहा हैं, जिससे दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।



भिवानी पहुंचे कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 12 दिन से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं, सरकार एवं प्रशासन ने अब तक वार्ता के लिए कोई पहल नहीं की हैं, जबकि सरकार एवं प्रशासन को शहर में पड़े कूड़े में बदबू आने लगी है, लेकिन उन्हें इन गरीब कर्मचारियों को कच्ची नौकरी, ठेकेदारी प्रथा, बेचारगी एवं इनके जीवन में फैली बदबू में बू नहीं आ रही, उसे साफ करने वाला कौन हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के माध्यम से लगा एक एक कर्मचारी विभाग में पे रोल पर हो,उन्हें समान काम समान वेतन मिले, पुरानी पेंशन बहाल हो, सभी कच्चे कर्मियों को पक्का करे,रिटायर्डमेंट पर एकमुश्त पैसा मिले, फायरब्रिगेड के कर्मियों को शहीद का दर्जा, नौकरी व एक एक करोड़ की आर्थिक सहायता की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अब हड़ताल तभी खत्म होगी, जब समझौता लागू कर दिया जाएगा।

### कच्चे कर्मचारी नियमित हों एवं पक्की भर्ती होः दानव

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि ठेकेदार के माध्यम से लगे सभी सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए और पक्की भर्ती की जाए, कर्मचारियों को जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये, समान सुविधा व पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए, ताकि युवा ठेकेदार का शोषण न झेलें। उन्होंने कहा कि हड़ताल सरकार के दमनकारी रवैये के चलते जनआंदोलन बन चुकी है, जब तक हमारी सुध नहीं ली जाती, संघर्ष थमने वाला नहीं है।

### ये रहे मौजूद

हड़ताल एवं धरने में संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव, जयहिंद, नरेश, प्रवीण, रमेश, मालती, बाला, मनीषा, अमित, भारत, रमेश कांडा, प्रीतम, राकेश, राजबीर, जोनी, कर्मफल, सुरेंद्र, भतेरी, रवि, नीलम, आशा, शीला, सुमित्रा, मुकेश, सुभाष व बिल्लू आदि मौजूद रहे।



भिवानी। एसडीएम आशीष सांगवान को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# सफाईकर्मियों ने रोष प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

ग्रामीण सफाई कर्मियों ने उपमंडल के बीडीपीओ कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुस्साए कर्मचारियों ने उपमंडल कार्यालय तक रोष प्रदर्शन कर विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव महानिदेशक के नाम एसडीएम आशीष सांगवान को ज्ञापन सौंपा। बीडीपीओ कार्यालय के समक्ष सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष संजय जीतपूरा की अध्यक्षता में दो घंटे सांकेतिक धरना दिया।

धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता सुरेश जेवली ने कहा कि सरकार की बार बार वादा खिलाफी कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले दो साल से कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है और अनेक घोषणाओं को बावजूद उन्हें लागू नहीं किया जा रहा। हमारी यूनियन बार-बार ज्ञापन और पत्र भेजकर वार्ता का समय मांग रही हैं, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया जा रहा।

गुस्साए कर्मियों ने उपमंडल कार्यालय तक रोष प्रदर्शन कर विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव महानिदेशक के नाम एसडीएम आशीष सांगवान को ज्ञापन सौंपा और सरकार से तुरंत वार्ता कर मसलों का समाधान करने

### माकपा ने कर्मचारियों के आंदोलन का किया समर्थन

भिवानी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अग्निशमन व नगर पालिका कर्मचारी संघ के हड़ताली कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया और सरकार से इनकी मांगों को लेकर तुरंत प्रभाव से लागू करने की मांग की। माकपा के जिला मंडल सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने सरकार से मांग की कि वह अग्निशमन व नगर पालिका कर्मचारी संघ के हड़ताली कर्मचारियों से तत्काल वार्ता करके उनकी मांगों का समाधान करें।

कामरेड ओमप्रकाश ने भिवानी में आंदोलनरत कर्मचारियों के बीच जाकर पार्टी का समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि नपा कर्मचारी संघ राज्यभर में एक मई से हड़ताल पर हैं और अभी तक सरकार ने उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं किया हैंद्य। गर्मी के मौसम में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, ऐसे में मक्खी-मच्छर पनप रहे हैं और बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सीवर साफ करने वाले कर्मचारियों की सफाई के दौरान प्रदेश में अनेक मौत हो चुकी हैं। वर्तमान आधुनिक युग में सफाई कर्मचारियों की मौतों को न रोक पाना सरकार के लिए शर्मनाक है।




भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# लेबर कोड लागू करने के विरोध में प्रतियां जला जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर लेबर कोड लागू करने के विरोध स्वरूप लेबर कोड की प्रतियां जलाई। ग्रामीण सफाईकर्मियों को हाईकोर्ट के निर्णय मुताबिक पक्का करने, 26000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने व नगर पालिका सफाई कर्मियों व अग्निशमन कर्मियों की मागों के सर्मथन में उपायुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और महानिदेशक के नाम उपायुक्त की मार्फत जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजबीर सिंह सिंघानी ने किया व मंच संचालन सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने किया।

मजदूर-कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाईकर्मियों की भाजपा सरकार पिछले दो साल से अनदेखी कर रही है। मुख्यमंत्री व समाज कल्याण मंत्री की अनेक घोषणाएं करने के बावजूद उन्हें लागू नहीं किया जा रहा हैं। यूनियन बार-बार ज्ञापन व पत्र भेज रही हैं, लेकिन वार्ता का कोई समय तय नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट के 31 दिसम्बर 2025 के आदेश के मुताबिक ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का किया जाना था, लेकिन सरकार ने इस आदेश को लागू नहीं किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 24 नवम्बर 2024 को 26000 वेतन देने की घोषणा की, जिसे आज तक लागू नहीं किया गया।

> नपा के बाद ग्रामीण सफाईकर्मियों ने भरी हुंकार, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, पक्का कर्मचारी एवं 26000 रुपये वेतन की मांग

12 दिन से नपा सफाई कर्मचारी व 35 दिन से अग्निशमन के कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन भाजपा सरकार बातचीत की बजाय पुलिसबल के सहारे दबाना चाहती हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने भाजपा सरकार को चेताया कि कि ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मियों की मांगे पूरी करें अन्यथा 13 मई को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय कन्वेशन में बड़े आन्दोलन की घोषणा करेगी। प्रदर्शन को सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, सर्व कर्मचारी संघ नेता सुमेर आर्य, किसान सभा नेता कामरेड ओमप्रकाश, इंटक नेता रामौतार खोरडा, अग्निशमन कर्मचारी नेता राजेश ने सम्बोधित किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सीटू नेता सदीक डाडम, भीमसिंह, उपासना, धर्मबीर भाटी, अशोक गोयत, राजू, जनवादी महिला समिति नेता अनुराधा, रेनू शर्मा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन नेता मोहनलाल बहल, संजय अमीरवास, शन्नी पहाडी, प्रदीप लोहानी, सुमित मुढाल, राजेन्द्र, बीरभान, घीसा, पवन व आनन्द आदि उपस्थित थे।

# मूंगफली बीज वितरण के लिए 20 तक स्वीकार किए जाएंगे आवेदन

- वीसीपी/एफपीओ के लिए न्यूनतम 200 किसानों का पंजीकरण आवश्यक
- पिछले तीन वर्षों में वार्षिक औसत टर्नओवर कम से कम 9 लाख रुपये होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत खरीफ सीजन 2026-27 में जिले के किसानों को प्रमाणित मूंगफली बीज उपलब्ध करवाने के लिए वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं किसान उत्पादक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा पंचकूला के निर्देशानुसार चयनित संस्थाओं के माध्यम से किसानों को प्रमाणित ग्राउंडनट सीड का वितरण किया जाएगा। इसके लिए आवेदनकर्ता संस्था का कंपनी अधिनियम या सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होना तथा कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

डॉ. फोगाट ने बताया कि वीसीपी/एफपीओ के लिए न्यूनतम 200 किसानों का पंजीकरण आवश्यक है और पिछले तीन वर्षों में वार्षिक औसत टर्नओवर कम से कम 9 लाख रुपये होना चाहिए। एफपीओ के लिए किसानों की न्यूनतम 3 लाख रुपये की इक्विटी भी अनिवार्य रखी गई है। सरकार से इक्विटी ग्रांट प्राप्त संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया जिला तिलहन मिशन एवं जिला कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर की जाएगी। जिला भिवानी में कार्यरत पंजीकृत एफपीओ, बीज वितरण नेटवर्क वाले अनुभवी वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं इच्छुक संस्थाएं अपने संगठन की प्रोफाइल, अनुभव प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन संबंधित उपमंडल कृषि अधिकारी के माध्यम से उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भिवानी कार्यालय में 20 मई सायं 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। डॉ. विनोद फौगाट ने बताया कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विस्तृत दिशा-निर्देश एवं पात्रता संबंधी शर्तें संबंधित उपमंडल कृषि अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाकर तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी व संगठन की मजबूती के लिए रणनीति बनाई

चरखी दादरी। आज जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुशील धानक की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं पूर्व विधायकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों से उनके प्रभार क्षेत्र एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियों की जानकारी लेते हुए पार्टी गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को मजबूती से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन की आवाज बनकर किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, युवाओं और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए भारत मां के वीर सपूत लांस नायक आनंद कुमार की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

# 18 से 20 तक होंगे योगा प्रॉटोकॉल प्रशिक्षण शिविरः डीसी

- 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा। योग दिवस को लेकर 18 से 20 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे, इनमें जिले के स्कूलों और गांवों में व्यायाम प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों, पीटीआई, डीपीई तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों को योगा प्रॉटोकॉल का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि योग दिवस को लेकर मई और जून माह में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, योग जागरूकता यात्राएं, योग मैराथन, संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। विभिन्न शिक्षण संस्थानों व योगशालाओं में प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 21 से 23 मई तक स्कूल स्तर पर योग शिक्षकों, पीटीआई, डीपीई, खेल विभाग और पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार से 8 से 10 जून के बीच प्रत्येक जिले के गांवों में योग जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी, ताकि लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि 11 से 13 जून तक जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, सरपंचों, पंचों, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड तथा आमजन को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि 15 जून को जिला स्तर पर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, योग संस्थान, पुलिस कर्मी, एनसीसी कैडेट, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट्स एवं गाइड्स भाग लेंगे।

### चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में एआई संचालित परिवर्तन पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस

# एआई स्टार्टअप और डिजिटल अवसंरचना को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस के उपलक्ष्य में विकसित भारत 2047 की दिशा में एआई संचालित परिवर्तन विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में बतौर वक्ता विशेषज्ञ जेएनयू के प्रो. शानदार अहमद, डॉ अनिर्बान चक्रबर्ती ,प्रो. संजू नंदा ने शिरकत की। इस कांफ्रेंस के कन्वीनर फार्मेसी विभाग के चेयरमैन प्रो नितिन बंसल थे, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और कांफ्रेंस की विस्तृत जानकारी दी।

कुलसचिव प्रो भावना शर्मा ने राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए हर्ष एवं गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय में फार्मेसी विभाग है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से रोजगारपरक गुणवतापूर्ण संस्कारी शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय विजन 'विकसित भारत 2047' को साकार करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर विचार-विमर्श करना है।



भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समावेशी विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला

तकनीकी सत्रों में बतौर वक्ता विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं फार्मेसी के साथ प्रमुख क्षेत्रों में एआई आधारित नवाचारों के माध्यम से आत्मनिर्भर और समावेशी विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एआई संचालित समाधान भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ता बनाने के साथ-साथ रोजगार सृजन, कौशल विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। कांफ्रेंस में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक तकनीक के समन्वय से 'तकनीक-सक्षम, मूल्य-आधारित समाज' के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस में एआई स्टार्टअप, डिजिटल अवसंरचना और नैतिक एआई उपयोग को लेकर युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। विश्वविद्यालय ने भविष्य में एआई संबंधी शोध, प्रशिक्षण कार्यक्रम और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति मिल सके। मंच का संचालन डॉ रीना ने किया। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक कुमार थे। इस अवसर पर डीन एफसीएम प्रो. सुनीता भरतवाल, डॉ आकाशदीप, डॉ नीलम,डॉ हरीश बिश्नोई,तकनीकी स्टाफ में कुलदीप,नीतीश, प्रेरणा,मंजीत आदि उपस्थित रहे।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।



लाइफ Style

# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं।



वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।

# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।




### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है।



जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।

## *बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित*

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### भारत देश साधु संतों का देश है: किशन कौशिक

**भिवानी।** बाड़ी मोहल्ला नूनशर जोहड़ पर 41 दिन की धूनी तपस्या में बैठे श्री श्री 1008 बंशी गिरी से आशीर्वाद लेने पहुंचे ब्राह्मण सभा के प्रधान किशन कौशिक पहुंचे। किशन कौशिक ने कहा कि महाराज बंशी गिरी विश्व शांति, आपसी भाईचारे एवं एकता के लिए तपस्या पर कर रहे हैं। किशन कौशिक ने बताया कि हमारा देश साधु संतों का देश है। हम संतों को भगवान की तरह पूजते हैं। इनके दर्शन से सभी पापों का नाश होता है। इस दौरान उपस्थित जनों को प्रसाद भी वितरण, हवन-यज्ञ व भण्डारा भी आयोजित किया गया।

### सेपक टकरा में दिखाई खिलाड़ियों ने प्रतिभा

**भिवानी।** देवसर चुंगी स्थित बीबीसी स्कूल में पांचवीं अंतरविद्यालय सेपक टकरा प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करत खेल प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य रूप में जिला सेपक टकरा संघ के प्रधान भानुप्रकाश, बीबीसी स्कूल संचालक एडवोकेट अजय गुप्ता, प्रिंसिपल रेणु गुप्ता, प्रतिभा विकास मंच के अध्यक्ष राजेश खटक एवं महासचिव अनिल नागर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता का खिताब बीबीसी स्कूल ने जीता, जबकि द ब्ल्यू बड्र्स हाई स्कूल की टीम रनरअप रही।

### बढ़ता अपराध और नशा चिंता का विषय: ऋषिपाल

**चरखी दादरी।** प्रदेश मे लगातार बढ़ते अपराध ओर नशे के कारण युवाओं के भविष्य के लिए गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जननायक जनता पार्टी के जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने कहा कि यदि समय रहते हालात पर नियंत्रण नहीं किया गया तो प्रदेश की सामाजिक व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। ऋषिपाल उमरवास ने कहा कि विकास, भाईचारे और खुशहाली की पहचान रहा हरियाणा मे आज अपराध, रंगदारी, फिरौती, हत्या और गोलीबारी की घटनाओं के कारण लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर है। प्रदेश के गांवों से लेकर शहरों तक अपराधी सक्रिय हैं।

## सिविल सर्जन ने 31 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट की वितरित

# टीबी मरीजों के लिए दवा के साथ पौष्टिक आहार जरूरी: सीएमओ

**सिविल सर्जन ने उपनागरिक अस्पताल का किया दौरा, स्टाफ को दिए आवश्यक निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने मंगलवार को लोहारू उप नागरिक अस्पताल का दौरा किया और 31 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट प्रदान किए। उन्होंने अस्पताल स्टाफ के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं का प्र त ये क जरूरतमंद को लाभ सुनिश्चित करने को प्रेरित किया। उन्होंने स्टाफ सदस्यों को आगाह किया कि वे कर्तव्य के प्रति सचेत रहें एवं ड्यूटी में कोताही को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। सीएमओ डॉ. शांडिल्य व उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने लोहारू सीएचसी के अंतर्गत विभिन्न गांवों के 31 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित की। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए दवा के साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। निक्षय मित्र योजना मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए वे विभाग द्वारा जारी हिदायतों की पालना अवश्य करें तथा खांसते व छींकते समय रुमाल या कपड़े का प्रयोग अवश्य करें। उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि टीबी अब पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, यदि समय पर जांच, नियमित दवा और उचित पोषण मिले। सीएमओ ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक भी ली तथा निर्देश दिये कि वे लिंगानुपात की स्थिति में सुधार के लिए प्रयास करें। अपने क्षेत्र के अंतर्गत होने वाली गैरकानूनी लिंग जांच, अवैध गर्भपात की दवाओं की बिक्री करने वालों पर सख्ती से नजर रखे तथा विभाग को इसकी सूचना दी जाए ताकि उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। सीएमओ ने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड सही तरीके से मेनटेन किया जाए। इस मौके पर डॉ. ओपी डूडी, डॉ. प्रीति, डॉ. आकांक्षा, डॉ. खुशबू, डॉ. संदीप यादव, डॉ. राहुल, डॉ. रोमा राठी, अमित वालिया, सुशीला, अनीता, सुमेरसिंह, अजय दहिया, राजेश, कविता, मंजू, शीला, प्रोमिला, प्रीति सैनी आदि मौजूद रहे।


**लोहारू।** उपनागरिक अस्पताल में टीबी मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य।

### नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़

गत दिवस अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सिविल सर्जन ने नर्सिंग स्टाफ को बधाई दी और कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। मरीजों की सेवा, देखभाल एवं उपचार प्रक्रिया में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में नर्सों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। एसएमओ लोहारू डॉ. ओपी डूडी ने सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य को आश्वस्त किया कि विभाग की योजनाओं का लाभ मरीजों तक पहुंचाया जाएगा तथा क्षेत्र में लिंगानुपात की स्थिति में सुधार के लिए और अधिक तत्परता से कार्य किया जाएगा।



**भिवानी।** प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

# विद्यार्थियों ने क्विज एवं पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

- राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सेक्टर 13 स्थित सीबीएल गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच एवं अभिव्यक्ति और क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रोजेक्ट एग्जिबिशन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के एसडीओ जोगिंदर सिंह व एसडीओ जगबीर सिंह ने सिविल प्रोजेक्टस का मूल्यांकन किया। प्राचार्या डॉ. गीता गुलिया ने कहा कि तकनीकी संस्थान के विद्यार्थी होने के नाते हम सबका कर्तव्य है कि हम इस आधुनिक युग में नित नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

### ये बने विजेता

कार्यक्रम प्रोफेसर सन्नी पन्नू के नेतृत्व में हुआ, जिसमें उपप्राचार्य एवं ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी बृजमोहन, ममता, कंचन, अन्नु कुमारी व डॉ. एमएस दहिया शामिल रहे। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता के विजेता जावेद, दुष्यंत, अमन, अभिमन्यु, हैप्पी और पंकज कुमार रहे, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता पलक, लक्ष्मी और अंजलि रहे। सिविल प्रोजेक्ट में विजेता अरमान, भावनिश, ईशांत, रामबीर, साहिल, सुमित, आयुष, दुर्गेश, गुरमीत, हर्ष, राहुल, अभिमन्यु, गोविंद, नवीन, सिद्धार्थ, यश, भाविश्य, परवेश व त्रिलोक रहे।

# विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

- जनता महाविद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर करवाया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों तथा जिला समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

डॉ. जयवीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार तथा समाज के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। इससे शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति का उद्देश्य नशे की बुरी आदतों को त्यागकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली को अपनाना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जागरूकता फैलाकर तथा समाज के सहयोग से नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. गरिमा श्योराण, आरसी पूनिया तथा जयवीर सिंह आदि की विशेष उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशन लाल तथा जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि श्री शंकर सोलंकी एवं श्री महेश कुमार ने बताया कि नार्को समन्वय केंद्र के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि एन.कोर्ड भारत में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री तथा नशीली दवाओं के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित करने का कार्य करता है।


**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. यशवीर। *फोटो: हरिभूमि*

# जाम मुक्त के लिए लोगों की राय ली

- मॉडल के रूप में सुरेंद्र सिंह चौक से चौ. बंसीलाल चौक तक बनाया जाएगा डिवाइडर : संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि तोशाम कस्बे को जाम मुक्त बनया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा की बैठक करके तोशाम के प्रबुद्ध लोगों, जनप्रतिनिधियो, व्यापार मंडल सहित तमाम सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल करके एक खाखा तैयार किया जाएगा। प्रशासन, पुलिस औऱ जन प्रतिनिधियों तथा आम जनता को इसका भागीदार बनाया जाएगा। जिसमें पुराना अस्पताल की जगह को पंचायत विभाग से खाली करवाकर यहां पर रेहडी मार्केट बनाई जाएगी। ताकि लोग सब्जी, फल व अन्य सामान क़ी खरीददारी एक जगह पर ही कर सके। चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक से चौधरी बंसीलाल चौक तक लगने वाली रेहडियो को हटाया जाएगा और इस रोड को रोल मॉडल रूप से जाम मुक्त बनाया जाएगा।


**तोशाम।** जाम मुक्ति के लिए लोगों के सुझाव लेते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

### लोगों से सहयोग के लिए की अपील

एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि इसी कड़ी को आगे बढाते हुए मुख्य बाजार और सिवानी रोड को भी जाम मुक्त बनाने के लिए ग्राम सभा में लोगों के सुझाव सांझे करके शहर को जाम से मुक्ति दिलवाई जाएगी। इस दौरान एसडीएम ने कस्बे के विभिन्न लोगों से विचार-विमर्श किया तथा कस्बे को साफ-सुथरा तथा जाम मुक्त बनाने के लिए सहयोग देने की अपील की।

# विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी बत्तर में पिछले सात दिनों से चल रही साप्ताहिक एक्टिविटी का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। मुख्यध्यापिका पूनम बूरा की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को कैच द रेन, जल संरक्षण जागरूकता अभियान विषय के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।

सप्ताह के दौरान स्कूल में जल संरक्षण की शपथ, सामुदायिक जागरूकता अभियान, जल जनित रोगों की जानकारी, स्लोगन लेखन, वाद-विवाद, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में क्लस्टर हेड निर्मल धनखड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ एबीआरसी रचिता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतिम दिन गतिविधि इंचार्ज एवं विज्ञान अध्यापक मास्टर रविंद्र सांगवान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### किया सम्मानित

सप्ताह भर चली प्रतियोगिताओं के अंतिम चरण में अध्यापिका राजेश की अगुवाई में बच्चों ने जल संरक्षण पर सुंदर स्लोगन लिखे। वहीं, अध्यापिका प्रवेश देवी के मार्गदर्शन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार सांझा किए। समापन के अवसर पर पूरे सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक अनिल रावलधी, मुकेश सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद।

# विकास पुरुष थे सेठ भागीरथमल बुवानीवाला

- स्व.भगीरथमल बुवानीवाला की 99वीं जयन्ती के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिवार ने किए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी में स्व.भगीरथमल बुवानीवाला की 99वीं जयन्ती के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिवार ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भगीरथमल बुवानीवाला स्मृति समिति के अध्यक्ष पवन बुवानीवाला,समाजसेवी विजय किशन अग्रवाल,वैश्य महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नरेंद्र चाहर,वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर महेश गर्ग एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। स्व. श्री भगीरथमल बुवानी वाला स्मृति समिति के अध्यक्ष पवन बुवानी वाला ने अपने पिता भगीरथमल बुवानी वाला को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू भागीरथमल बुवानीवाला विकास पुरूष थे। विकास के लिए उन्होने हर क्षेत्र में चाहे वो शिक्षा , समाज , मानव कल्याण, गौसेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य किया। धार्मिक कार्यों में भी वे हमेशा आगे रहते थे। कहा कि क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे बुजुर्गों द्वारा स्थापित की गई संस्थाएं चाहे वो सामाजिक क्षेत्र की हो या शिक्षा के क्षेत्र की हम सब मिलकर उनके द्वारा संजोए गए स्वप्नों को साकार करने में लगे हुए हैं।


**भिवानी।** भागीरथमल बुवानीवाला के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### इन्होंने किया नमन

इस अवसर पर पुष्पांजलि सभा में स्व भगीरथमल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर करने वालों में स्व.श्री भागीरथमल बुवानीवाला स्मृति समिति के अध्यक्ष डॉ. पवन बुवानीवाला,वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधक समिति के महासचिव विजय किशन अग्रवाल,वैश्य महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नरेंद्र चाहर,वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सी ई ओ महेश गर्ग,वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य करतार सिंह जाखड़,वैश्य मॉडल स्कूल की प्राचार्य कमला गुरेजा, डॉ वंदना वत्स, डॉ सरिता गोयल, डॉ श्रुति रानी,डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ मोहन लाल, डॉ सुरेंद्र दलाल, डॉ सुनील कुमार,डॉ मंगतराम, डॉ पवन गुप्ता,मनोज भरतवाल, कमल भारद्वाज आद ने नमन किया।

# श्रीश्याम कथा में उमड़ी भीड़

- मां अपराजिता ने श्रीश्याम बाबा को दिया हारे का सहारा बनने का आशीर्वाद : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

दिनोद गेट स्थित बैंकट हॉल में चल रही श्रीश्याम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक विजय शास्त्री ने बताया कि श्रीश्याम जब पढ़ लिखकर युवा अवस्था को प्राप्त हुए, तब घटोत्कच उन्हें लेकर द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के पास गए तथा श्रीकृष्ण भगवान ने उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने बबरीक को मां अपराजिता की तपस्या के लिए प्रेरित किया तथा बर्बरीक मां की साधना के लिए चल पड़े। उन्होंने वहां पहुंचकर मगध के ब्राह्मण को अपना गुरू बनाया और गुरु ने बर्बरीक से कहा, अब मैं साधना में बैठूंगा और मेरी साधना को राक्षक भंग करेंगे, आप मेरी रक्षा करना।


**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित बैंकट हॉल में श्रीश्याम कथा सुनते श्रद्धालु।

### बर्बरीक को दिए तीन बाण

इस दौरान बर्बरीक ने सभी राक्षसों को मार गिराया, तब खुश होकर उनके गुरु ने साधना की सारी विधि बताई तथा बर्बरीक ने विधि के अनुसार तपस्या करके मां अपराजिता को बहुत खुश किया और मां अपराजित ने उन्हें साक्षात्कार प्रकट होकर तीन बाण दिए और कहां कि ये तीन बाण तीनों लोकों का विनाश कर देंगे, लेकिन ध्यान रहे आप जब भी किसी का सहारा बने, हारे का सहारा बने, ये बात कहकर मां अपराजिता अंतर्ध्यानहो गई।

## स्वामी ज्ञानानंद महाराज का जीवन हमें सिखाता है सेवा ही परमो धर्म का पाठ : डा. रघुबीर

# किसी व्यक्ति द्वारा दान किया गया एक यूनिट रक्त बचा सकता है तीन जीवन : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अध्यात्म और समाज सेवा के संगम का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर भिवानी में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की एक गौरवशाली श्रृंखला शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। इसी कड़ी में मंगलवार को चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य ने किया। इस दौरान युवाओं में भारी उत्साह देखा गया और 50 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य कमाया।


**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### रक्तदान वास्तव में महादान: डॉ. विनोद

इस मौके पर सीएमओ डा. रघुबीर शांडिल्य और समिति चेयरमैन डा. विनोद अंचल ने संयुक्त रूप से संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में महादान है, क्योंकि आपके द्वारा दिया गया रक्त तीन व्यक्तियों का जीवन बचा सकता है। स्वामी ज्ञानानंद का जीवन हमें सेवा ही परमो धर्म का पाठ सिखाता है और उनके जन्मदिवस पर इस तरह के पुनीत कार्य युवाओं को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल स्वामी ज्ञानानंद के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम है, बल्कि यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का एक सशक्त अभियान भी है। डा. विनोद अंचल व ओपी नंदवानी ने बताया कि अवतरण दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में 13 मई को भिवानी रक्षा युवा अभियान यात्रा और गौशाला में गौ-सेवा, 14 मई को दिव्यांग बच्चों द्वारा गीता श्लोक उच्चारण और संगीत कार्यक्रम तथा 15 मई को जरूरतमंद बच्चों के साथ भोजन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## बरसात से अनाज मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भी भीग

# लोहारू में सांझ ढलते ही तेज आंधी के साथ हुई बरसात

तेज हवा ने पारे को औंधे मुंह गिरने पर मजबूर कर दिया, लोगों को मिली गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

मंगलवार को दूसरे दिन भी लोहारू और आसपास के इलाके में मौसम के पूर्व अनुमान अनुसार तेज आंधी के साथ बरसात हुई। बरसात के बाद शहर की सडके एक बारगी तो जलमग्न हो गई तथा मौसम सुहाना हो गया। यहीं नही बरसात के कारण लोहारू अनाज मंडी में खुले आसमान मे नीचे पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भी भीग गया। दूसरी तरफ भिवानी शहर व आसपास के इलाकों में काली घटाएं छाई रही। तेज हवा ने पारे को औंधे मुंह गिरने पर मजबूर कर दिया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। दूसरी तरफ पारा नीचे आने से खरीफ की फसलों में भी फायदा होगा।

बता दें कि लोहारू इलाके में मंगलवार सांय करीब छह बजे मौसम में परिवर्तन हुई और तेज आंधी के साथ 15 मिनट तक झमाझम बरसात हुई। बरसात से मौसम सुहाना हो गया और तापमान के गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे पहले तेज धूलभरी आंधी चली, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार सुबह भी लोहारू शहर और आसपास के इलाके में बरसात हुई थी तथा मंगलवार को दूसरे दिन भी बादलों की तेज गर्जना के साथ झमाझम बरसात हुई। इस दौरान कस्बे के ढलान वाले इलाकों में एकबारगी पानी सड़कों पर बहने लगा,लेकिन कुछ देर बाद नालों से निकला। चूंकि नालों में उपर तक शिल्ट व पॉलीथिन से अटे हुए है। जिस वजह से बारिश के साथ इन नालों से पानी आगे नहीं बह पाया। बारिश थमने के बाद ही पानी नालों से आगे निकलना शुरू हुआ।



लोहारू। बारिश के बाद सड़क से गुजरता एक वाहन चालक।

### आसपास के इलाकों में छाई रही काली घटाएं

मंगलवार शाम के वक्त अचानक आसमान में काली घटाए छा गई। तेज हवा चलने लगी। लोगों को लगा कि अभी बारिश आएगी,लेकिन हवा ने तेजी पकड ली और बादलों का आवागमन तेज हो गया। देर शाम तक बारिश नहीं हुई,लेकिन मौसम खुशनुमा हो गया। पारा भी 39 डिग्री सेल्सियस से नीचे लूढक कर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## स्कूल समय में विद्यार्थियों की पढ़ाई को दी प्राथमिकता

# मॉडल संस्कृति विद्यालय के विज्ञान अध्यापक ने जनगणना ड्यूटी में खंड में पाया प्रथम स्थान

प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक जनगणना कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर विज्ञान अध्यापक कार्यरत महेन्द्र अत्री द्वारा खंड में सबसे पहले जगणना का कार्य पूर्ण करने वाले पहले कर्मचारी बनें वहीं भिवानी जिले में जनगणना कार्य को समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने वाले 8 अध्यापकों संग विज्ञान अध्यापक महेंद्र अत्रि को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने जनगणना से जुड़े कार्य को सबसे जल्दी और बेहतर तरीके से पूरा कर जिले का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार अध्यापक महेंद्र अत्रि ने अपने विद्यालय समय में विद्यार्थियों की पढ़ाई को पूरी प्राथमिकता दी और स्कूल की छुट्टी होने के बाद प्रतिदिन दोपहर ढाई बजे से शाम 7 बजे तक जनगणना कार्य में जुटे रहे। उन्होंने पूरी लगन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय से पहले ही कार्य का निपटान कर दिया।



बवानीखेड़ा। उपायुक्त कार्यालय में विज्ञान अध्यापक महेन्द्र अत्री को सम्मानित करते हुए।

### महेंद्र अत्रि बने प्रेरणास्रोत शिक्षक

भिवानी के उपायुक्त ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारी और अध्यापक दूसरों के लिए प्रेरणा हैं, जो अपनी नियमित जिम्मेदारियों के साथ-साथ सरकारी कार्यों को भी ईमानदारी से पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसा महत्वपूर्ण कार्य देश की योजनाओं और विकास की नींव होता है तथा इसे गंभीरता से पूरा करना बेहद आवश्यक है। विद्यालय में सम्मान की सूचना पहुंचते ही शिक्षकों और विद्यार्थियों ने महेंद्र अत्रि को बधाइयां दीं। विद्यालय स्टाफ ने कहा कि उन्होंने शिक्षा और प्रशासनिक जिम्मेदारी दोनों को संतुलित तरीके से निभाकर एक मिसाल पेश की है। सहकर्मियों ने उम्मीद जताई कि उनकी कार्यशैली से अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह, प्राचार्य आनंद शर्मा ने भी अध्यापक को बधाई दी व अन्य शिक्षकों को भी ऐसे ही कार्य करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही।

## जनगणना अधिकारी ने गांव मिरान में जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

**तोशाम।** चार्ज जनगणना अधिकारी कम उप तहसीलदार तोशाम अशोक कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव मीरान में जनगणना कार्य का निरीक्षण किया और मीरान के सरकारी स्कूल में वहां के जनगणना सुपरवाइजर और एन्यूमैरेटर की मीटिंग भी ली। वहीं जनगणना अधिकारी ने सभी एचएलबी भी चेक किए। जो भी उनकी समस्या है उनका मौके पर समाधान भी किया गया और जनगणना अधिकारी ने यह भी कहा कि अब कार्य में तेजी लाएं कोई कोताही न बरते। अगर किसी प्रकार की कोई कोताही बरतते हुए पाया गया उसके खिलाफ जनगणना एक्ट नियम 1948 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। जनगणना अधिकारी तोशाम के साथ उनकी टीम भी साथ रही जिसमें संजय नैन और मंजीत मौके पर मौजूद रहे।

## मोहित का सुपर-100 में चयन होने पर विद्यालय प्रशासन ने किया सम्मानित



तोशाम। सुपर-100 में चयनित विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

मंगलवार को क्षेत्र के गांव पटौदी के वीर शहीद श्री रिछपाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र मोहित पुत्र रमेश को सुपर-100 में चयन होने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बारे में विद्यालय प्राचार्य सुनील जैन ने बताया कि विद्यालय का छात्र मोहित बहुत ही होनहार व मेहनती तथा लगनशील विद्यार्थी है। इस मौके पर मंच संचालन कर रहे विद्यालय के डीपीई पवन कुमार ने होनहार छात्र मोहित तथा उसके माता-पिता सहित समस्त अभिभावकों को बधाई दी। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेश सांगवान ने कहा कि मोहित को एनएमएमएस परीक्षा में भी सफलता मिली थी वहीं मोहित ने खंड स्तर तथा जिला स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी अव्वल स्थान प्राप्त करके विद्यालय का बार-बार नाम रोशन किया है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विद्यालय के एसएमसी प्रधान महेंद्र जोशी व सुनील कुमार ने भी मोहित को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामपाल, रविंद्र, बबीता, रितु, सुरेश, उषा, किरण, आनंद, विद्या, अंकित, दलवीर, रमेश, अनिल, रामअवतार, शीला, राजेंद्र, बाला, अनिल, निर्मला, सुनीता आदि मौजूद थे।

## छोटे जिले का बड़ा कमालः 12वीं के रिजल्ट में दादरी पूरे हरियाणा में नंबर-1

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में दादरी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। प्रदेश का सबसे छोटा जिला होने के बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और बेहतर शैक्षणिक तैयारी के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। जिले की इस सफलता से शिक्षा विभाग, अभिभावकों और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि दादरी जिले के तीन होनहार विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड की विज्ञान संकाय की मेरिट सूची में टॉप-3 में स्थान हासिल कर जिले का गौरव और बढ़ा दिया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को जिले के शिक्षा इतिहास में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

### बेहतर परिणाम रणनीति

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए विभाग ने वार्षिक परीक्षाओं से करीब एक माह पहले ही विशेष रणनीति पर काम शुरू कर दिया था। प्रत्येक विषय के पांच-पांच विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम बनाकर मॉडल पेपर तैयार करवाए गए, जिनके आधार पर विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों की तैयारियों की लगातार समीक्षा भी की गई। उन्होंने बताया कि कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से एक्स्ट्रा क्लासें लगाई गईं, ताकि हर छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वयं स्कूलों का फीडबैक लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



चरखी दादरी। विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर भेंट करते अतिथि।

## विद्यार्थियों के लिए भेंट किया वाटर कूलर

**चरखी दादरी।** गांव कलियाणा स्थित राजकीय विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. धर्मवीर शर्मा ने की। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि जयप्रकाश सचिन सोनी ने सहभागिता की। उनका स्वागत फूल मालाओं को सथ किया। मुख्यतिथि ने बढ़ती गर्मी में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर भेंट किया। इस सराहनीय एवं परोपकारी सहयोग के लिए विद्यालय परिवार ने जयप्रकाश सचिन सोनी का आभार जताया। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मवीर ने कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। विद्यालय में मूलभूत एवं बेहतर सुविधाओं का विस्तार होगा। इस अवसर पर प्रवक्ता नीरज, प्रवक्ता पवन, कुलदीप सिंह, रविंद्र सिंह, नरेश, भगवान, मीना देवी, ज्योति, शिक्षक कुलदीप, सोमवीर सिंह,संजय, प्रेमसिंह व संदीप एसएमसी प्रधान प्रियंका, एसएमसी सदस्य कविता आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं को दिया जा रहा है पांच लाख रुपये तक का ऋणः एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण सहायता प्रदान की जाती है।

एडीसी ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जिला में 88 केसों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी हैं और जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम है, वे महिलाएं इस योजना के पात्र हैं।



अमन को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य

## आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अमन ने हासिल किया दूसरा स्थान

**चरखी दादरी।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां के छात्र अमन ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा परीक्षा में नॉन मेडिकल स्ट्रीम में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। अमन आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां के मेधावी छात्र हैं। अमन ने यह मुकाम बिना किसी ट्यूशन के केवल अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से हासिल किया। अमन की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि लगन और सही दिशा मिल जाए तो बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। अमन के पिता दलजीत गांव में अपनी दुकान चलाते हैं, जबकि उनकी माता आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां में ही प्राथमिक अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं।

## शिविर में 289 मरीजों की आंख व सामान्य

**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिल बनाओ संगठन ने गांव फौगाट, सांजरवास व झींझर में आयोजित मेडिकल कैंपों में बतौर अध्यक्ष मुख्यतिथि सरपंच अशोक परमार, राजपाल फौगाट, अनूप जांगडा, श्रीकृष्ण फौगाट, श्रीभगवान, मंदीप व आशीष जांगडा रहे। युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. अनिल बलवान साहू ने बताया कि कैंपों में गीताजंली, आई क्यू व पवन धीर की चिकित्सीय टीम आशीष, बीके शर्मा, स्वाति, व सहयोगियों मोनिका तथा संजीत ने 289 के आंख व सामान्य बीमारियों जांची, दवा वितरण हुआ। साहू ने बताया कि मेडिकल कैंपों की सामाजिक कडी में अगले शिविर मिसरी, लोहरवाडा, समसपुर व खातीवास में आयोजित किए जाएंगे।

## विद्यार्थियों को जल संरक्षण का दिया संदेश

- विद्यार्थियों ने श्लोगन लेखन, वाद विवाद, निबंध लेखन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी बत्तर में पिछले सात दिनों से चल रही साप्ताहिक एक्टिविटी का सफलतापूर्वक समापन हो गया। मुख्यध्यापिका पूनम बूरा की अध्यक्षता में विशेष सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को कैच द रेन, जल संरक्षण जागरूकता अभियान विषय के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया। सप्ताह के दौरान स्कूल में जल संरक्षण की शपथ, सामुदायिक जागरूकता अभियान, जल जनित रोगों की जानकारी, स्लोगन लेखन, वाद-विवाद, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। समारोह में क्लस्टर हेड निर्मल धनखड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ एबीआरसी रचिता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतिम दिन गतिविधि इंचार्ज एवं विज्ञान अध्यापक मास्टर रविंद्र सांगवान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में जल का महत्व समझाते हुए पानी को व्यर्थ न बहाने की शपथ दिलाई। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सप्ताहभर चली प्रतियोगिताओं के अंतिम चरण में अध्यापिका राजेश की अगुवाई में बच्चों ने जल संरक्षण पर सुंदर स्लोगन लिखे।



चरखी दादरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## खौफ के साये में काम कर रहे चिकित्सक व स्टाफ

# बवानीखेड़ा नागरिक अस्पताल का भवन जर्जर

- चिकित्सक रवि बोले-लगभग दो सप्ताह पहले विभाग ने अस्पताल का शिफ्ट करने के लिए जारी किया पत्र

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा का नागरिक अस्पताल इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा में है। अस्पताल का भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है, जिसके कारण यहां कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारी भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। अस्पताल में रोजाना 250 से 300 तक मरीजों की ओपीडी होती है, लेकिन सुविधाओं के अभाव और भवन की खराब हालत के चलते मरीजों व कर्मचारियों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के कई कमरों की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, छत से प्लास्टर टूटकर गिरने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जब कमरों में पानी टपकने लगता है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने नगर पालिका के सहयोग से अस्पताल को किसी अन्य भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि अभी तक अस्पताल को शिफ्ट करने के लिए 18 से 20 कमरों वाला कोई उपयुक्त भवन नहीं मिल पाया है। इस कारण अस्पताल को पुराने भवन में ही संचालित करना पड़ रहा है।







बवानीखेड़ा। जर्जर हालत में अस्पताल का भवन व अस्पताल का मुख्य द्वार।

### शहरवासियों ने जताई चिंता

वहीं शहरवासियों में हनुमान पारासर, मडदू, सोमबीर, गुलाब, गोपीराम, गोपाल, महेन्द्र, अजीत, अशोक, प्रवीन आदि ने भी अस्पताल की स्थिति पर चिंता जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बावानीखेड़ा क्षेत्र की आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन अस्पताल की सुविधाएं वर्षों पुरानी हैं। लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द 100 बेड का नया अस्पताल भवन बनाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। शहरवासियों का कहना है कि अगर समय रहते नया भवन नहीं बनाया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द अस्पताल के नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए।

### विधायक बोले जल्द मिलेगा तोहफा

वहीं हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि बवानीखेड़ा में अस्पताल की भव्य इमारत बनेगी। लिफ्टों व हाइटैक तकनीक से सुसज्जित भवन बनेगा और एसी भवन में सभी सुविधाएं मिलेगी। यहीं पर चिकित्सकों के लिए भवन बनेंगे। बस थोड़ा सब्र रखने की जरूरत है जल्द ही तोहफा मिलने वाला है।